BLUE PRINT & MODEL PAPERS OF SSC PUBLIC EXAMINATIONS FOR THE ACADEMIC YEAR 2025-26
BY THE DIRECTOR OF GOVERNMENT EXAMINATIONS (SSC BOARD), A.P.

09H

# हिंदी ( द्वितीय भाषा)

# HINDI (SECOND LANGUAGE)

**Time : 3h.15min.** **Maximum Marks : 100**

**(प्रश्न पत्र BLUE PRINT के अनुरूप होगा )**

---

| प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| | **भाग - I ( अर्थ ग्राह्यता )** | | | |
| 1. | पठित गद्य भाग से एक अनुच्छेद दिया जाएगा।<br>(अ,आ,इ,और ई ) के प्रश्न होंगे। अनुच्छेद का पहला प्रश्न “अ” प्रश्न रूप में दिया जाएगा\| छात्र को गद्यांश पढ़कर, प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा\| “अ” प्रश्न केलिए 2 अंक प्रदान किये जायेंगे\| “आ, इ, ई” के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे\| उनके लिए एक-एक अंक निर्धारित है\| | 1Q | 5M | 5M |
| 2. | पठित पद्य भाग से एक पद्यांश दिया जाएगा।<br>(अ,आ,इ,और ई ) के प्रश्न होंगे। पद्यांश का पहला प्रश्न “अ” प्रश्न रूप में दिया जाएगा\| छात्र को पद्यांश पढ़कर प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा\| “अ” प्रश्न केलिए 2 अंक प्रदान किये जायेंगे\| “आ, इ, ई” के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे\| उन के लिए एक-एक अंक निर्धारित है\| | 1Q | 5M | 5M |
| 3. | उपवाचक पाठों से एक अनुच्छेद दिया जाएगा।<br>(अ,आ,इ,और ई ) के प्रश्न होंगे। अनुच्छेद का पहला प्रश्न “अ” प्रश्न रूप में दिया जाएगा\| छात्र को गद्यांश पढ़कर प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा\| “अ” प्रश्न केलिए 2 | 1Q | 5M | 5M |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अंक प्रदान किये जायेंगे\| "आ, इ, ई" के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे\| उनके लिए एक-एक अंक निर्धारित है\|<br>सूचना : यह अनुच्छेद शांति की राह में तथा अपने स्कूल को एक उपहार पाठों से दिया जाएगा \| | | | |
| 4. | एक अपठित गद्यांश दिया जाएगा।<br>(अ,आ,इ,और ई ) के प्रश्न होंगे। अनुच्छेद का पहला प्रश्न "अ" प्रश्न रूप में दिया जाएगा\| छात्र को गद्यांश पढ़कर प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा\| "अ" प्रश्न केलिए 2 अंक प्रदान किये जायेंगे\| "आ, इ, ई" के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे\| उनके लिए एक-एक अंक निर्धारित है\| | 1Q | 5M | 5M |
| 5. | एक अपठित पद्यांश दिया जाएगा।<br>(अ,आ,इ,और ई ) के प्रश्न होंगे। पद्यांश का पहला प्रश्न "अ" प्रश्न रूप में दिया जाएगा\| छात्र को पद्यांश पढ़कर प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा\| "अ" प्रश्न केलिए 2 अंक प्रदान किये जायेंगे\| "आ, इ, ई" के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे\| उनके लिए एक-एक अंक निर्धारित है\| | 1 Q | 5M | 5M |
| 6. | लेखक का परिचय (अनुच्छेद) पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करना होगा\|<br>***सूचना** : छात्रों को विष्णु प्रभाकर, श्री काका कालेलकर, श्री प्रकाश के लेखक परिचयों पर विशेष ध्यान देना होगा\| | 1Q | 5M | 5M |
| 7. | पाठ्यपुस्तक के कवि - परिचयों से संबंधित प्रश्नों में से एक के बारे में दिये गये संकेतों के आधार पर लिखना होगा। एक प्रश्न प्राचीन कवि से तथा दूसरा प्रश्न आधुनिक कवि से दिया जाएगा<br>***सूचना** : छात्रों को सुमित्रानंदन पंत, आर.पी.निशंक, रहीम तथा बिहारी के कवि परिचयों पर विशेष ध्यान देना होगा \| | 1Q | 5M | 5M |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **भाग - II (अभिव्यक्ति )** | | | |
| 8.<br>अ, आ | पद्य भाग से दो प्रश्न दिये जायेंगे। अ, आ के प्रश्न होंगे\| इनमें से एक प्रश्न का उत्तर चार वाक्यों में लिखना होगा। (**वार्षिक परीक्षा में दोहा अनिवार्य रूप से दिया जाएगा)**\| | 1Q | 4M | 4M |
| 9.<br>अ, आ | गद्य भाग से दो प्रश्न दिये जायेंगे। अ, आ के प्रश्न होंगे\| इनमें से एक प्रश्न का उत्तर चार वाक्यों में लिखना होगा।<br>**सूचना** : ये प्रश्न पहले छह पाठों से दिए जायेंगे\| | 1Q | 4M | 4M |
| 10.<br>अ, आ | गद्य भाग से दो प्रश्न दिये जायेंगे। अ, आ के प्रश्न होंगे\| इनमें से एक प्रश्न का उत्तर चार वाक्यों में लिखना होगा।<br>**सूचना** : ये प्रश्न अंतिम छह पाठों से दिए जायेंगे\| | 1Q | 4M | 4M |
| 11.<br>अ, आ | उपवाचक से दो प्रश्न दिये जायेंगे। अ, आ के प्रश्न होंगे\| इनमें से एक प्रश्न का उत्तर चार वाक्यों में लिखना होगा।<br>**सूचना** : ये प्रश्न दो कलाकार, अनोखा उपाय पाठों से दिए जायेंगे\| | 1Q | 4M | 4M |
| | **भाग - III (अभिव्यक्ति)** | | | |
| 12.<br>अ, आ | पद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न दिए जायेंगे\| अ, आ के प्रश्न होंगे\| इनमें किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखना होगा\|<br>**सूचना** : छात्रों को बरसते बादल, कण-कण का अधिकारी, भक्ति पद पाठों पर विशेष ध्यान देना होगा \| | 1Q | 8M | 8M |
| 13.<br>अ, आ | गद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न दिए जायेंगे\| अ, आ के प्रश्न होंगे\| इनमें किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखना होगा\|<br>**सूचना** : छात्रों को ईदगाह, लोकगीत, जल ही जीवन है, धरती के सवाल और अंतरिक्ष के जवाब पाठों पर विशेष | 1Q | 8M | 8M |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ध्यान देना होगा \| | | | |
| | **भाग - IV (सृजनात्मक अभिव्यक्ति )** | | | |
| 14. अ,आ | एक औपचारिक और एक अनौपचारिक पत्र दिए जायेंगे \| इनमें किसी एक का उत्तर लिखना होगा\| अ और आ के प्रश्न होंगे \|<br>सूचना : औपचारिक पत्र के लिए तथ्य प्रदान किया जाएगा \| तथ्य को आधार बनाकर पत्र का सृजन करना होगा \| | 1Q | 8M | 8M |
| 15. अ,आ, इ, ई | चार निबंध दिए जाएंगे \| किसी एक विषय पर निबंध लिखना होगा\| (अ ,आ ,इ ,ई ) के प्रश्न होंगे \| पर्यावरण, शिक्षा, समाज, विज्ञान अंशों से संबंधित निबंध दिए जायेंगे\| इस प्रश्न का उत्तर केवल दस वाक्यों में लिखना होगा\| | 1Q | 10 M | 10M |
| | **भाग -V (भाषा की बात )** | | | |
| 16. | तत्सम, तद्भव - ( निर्देश के अनुसार रेखांकित तत्सम शब्द के लिए तद्भव या तद्भव के लिए तत्सम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा\|) | 1Q | 1M | 1M |
| 17. | क्रिया - (दिए गए विकल्पों में से क्रिया शब्द पहचानकर लिखना होगा) \| | 1Q | 1M | 1M |
| 18. | संख्या - (दिए गए विकल्पों से सही संख्या पहचान कर लिखना होगा ) | 1Q | 1M | 1M |
| 19. | कारक - (विकल्पों में सही कारक चिह्न पहचान कर लिखना होगा\| ) | 1Q | 1M | 1M |
| 20. | पर्याय शब्द - (दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्याय विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा ) | 1Q | 1M | 1M |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21. | विलोम शब्द - (दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा ) | 1Q | 1M | 1M |
| 22. | समास - (निर्देश के अनुसार विकल्पों में से सही समास पहचानकर लिखना होगा ) | 1Q | 1M | 1M |
| 23. | संधि विच्छेद - (निर्देश के अनुसार विकल्पों में से सही संधि विच्छेद पहचानकर लिखना होगा) | 1Q | 1M | 1M |
| 24. | उपसर्ग - (रेखांकित शब्द का सही उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा ) | 1Q | 1M | 1M |
| 25. | प्रत्यय - (रेखांकित शब्द का सही प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा) | 1Q | 1M | 1M |
| 26. | मुहावरा - ( मुहावरेदार वाक्य दिया जाएगा \| वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा\| ) | 1Q | 1M | 1M |
| 27. | लिंग - ( निर्देश के अनुसार दिए गए वाक्य का बदला हुआ रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 28. | वचन - (निर्देश के अनुसार दिए गए वाक्य का बदला हुआ रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 29. | काल - ( निर्देश के अनुसार दिए गए वाक्य का बदला हुआ रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 30 . | शुद्ध रूप - ( दिए गए विकल्पों में से वाक्य का शुद्ध रूप पहचानकर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |

## शैक्षिक मापदंड  - भार तालिका

| क्र.सं. | शैक्षिक मापदंड | कुल अंक | प्रतिशत |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | अर्थग्राह्यता | 35 M | 35 % |
| 2. | अभिव्यक्ति | 32 M | 32 % |
| 3. | सृजनात्मकता | 18M | 18% |
| 4. | भाषा की बात | 15 M | 15 % |
| | **कुल** | **100** | **100%** |

## प्रश्नों के स्वरूप के अनुसार भार तालिका

| क्र.सं. | प्रश्न का स्वरूप | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | निबंधात्मक प्रश्न | 4 | 34 |
| 2. | लघु उत्तरात्मक प्रश्न | 4 | 16 |
| 3. | अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न | 7 | 35 |
| 4. | लक्ष्यात्मक प्रश्न | 15 | 15 |
| | **कुल** | **30** | **100** |

## पाठ्य विषयों के आधार पर भार तालिका

| क्र.सं. | | लक्ष्यात्मक प्रश्न | लघु उत्तरात्मक प्रश्न | अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न | निबंधात्मक प्रश्न | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पद्य भाग | 5 (1) | 3 (5) | 1 (4 ) | 1(8) | 10 (32) |
| 2. | गद्य भाग | 8 (1) | 3(5) | 2 (4 ) | 1(8) | 14 (39) |
| 3. | उपवाचक | - | 1 (5 ) | 1 (4 ) | - | 2 (9) |
| 4. | अन्य | 2 (1) | - | - | 1(8)<br>1(10) | 4 (20) |
| | **कुल** | **15 (15)** | **7 (35)** | **4 (16)** | **4 (34)** | **30 (100)** |

## औसत कठिनाई के आधार पर भार तालिका

| क्र.सं. | स्तर | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | कठिन | 30 | 30% |
| 2. | औसत | 40 | 40% |
| 3. | सरल | 30 | 30% |
| | **कुल** | **100** | **100%** |

09H

# हिंदी ( द्वितीय भाषा)

# HINDI (SECOND LANGUAGE)

## नमूना प्रश्न पत्र - 1 : 2025-26

## MODEL QUESTION PAPER - 1 : 2025-26

**Time : 3h.15min.** **Maximum Marks : 100**

@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@

**सूचनाएँ :**

**i ) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।**

**ii ) सभी प्रश्नों के उत्तर,उत्तर -पुस्तिका में ही लिखिए।**

**iii ) प्रश्नपत्र में कुल पाँच भाग हैं।**

**iv ) भाग II ,III ,और IV में आतंरिक विकल्प हैं।**

@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@

## भाग - I

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**(प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहला प्रश्न (अ ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।)**

**1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

आसमान में बादल घिरे रहने से सूरज की धूप का कहीं नामोनिशान तक न था। बादलों का रंग साँवला होने के कारण गोदावरी के धूलि - धूसरित मटमैले जल की झाँई और भी गहरी हो रही थी। पहाड़ों पर कुछ उतरे हुए धौले-धौले बादल तो बिल्कुल ऋषि मुनियों जैसे लगते थे।

**प्रश्न :**

अ .लेखक ने इस पाठ में किस नदी की महानता का वर्णन किया ? 2 M

आ . बादल कहाँ घिरे हैं? [ ] 1M

A) आसमान में B) धूप में C) बादलों में D)गोदावरी में

इ . धौले -धौले बादल कैसे लगते थे ? [ ] 1M

A) धौले B) पहाड़ C) ऋषि मुनि D) सूरज

ई . उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से दिया गया है? [ ] 1M

A) ईदगाह B) दक्षिणी गंगा गोदावरी C) लोकगीत D ) नीति दोहे

**2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे।
मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्‌भुत दृश्य दिखायेंगे।।
ऊँच-नीच का भेद मिटाकर दिल में प्यार बसायेंगे।
नफरत का हम तोड़ कुहासा अमृत रस सरसायेंगे।।
हम निराशा दूर भगाकर फिर विश्वास जगायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

**प्रश्न :**

अ . भारतवासी अपने दिल में क्या बसायेंगे ? 2M

आ . भारतवासी किसको दूर भगाना चाहते हैं? [ ] 1M

A) नफ़रत B) निराशा C) प्रेम D) कुहासा

इ . अमृत रस कैसे सरसायेंगे ? [ ] 1M

A) कुहासा तोड़कर B) निराशा को जुड़कर C ) ऊँच -नीच सहित D) श्रध्दा के साथ

ई . उपर्युक्त पद्यांश के कवि कौन है ? [ ] 1M

A ) निशंक B) दिनकर C ) पंत D) रहीम

**3) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

मंडेला के नाम से विश्व भर में प्रख्यात शांतिदूत का पूरा नाम नेल्सन रोलिहलहला मंडेला था | उनका जन्म 18 जुलाई,1918 को दक्षिण अफ्रीका में हुआ| वे दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति थे| उनके जन्म दिन को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया | दक्षिण अफ्रीका में उन्हें मदीबा कहकर बुलाया जाता है | 1993 में नोबेल शांति पुरस्कार, भारत रत्न पुरस्कार और 2008 में गांधी शांति पुरस्कार प्राप्त हुए हैं|

**प्रश्न :**

अ) दक्षिण अफ्रीका में मदीबा के नाम से विख्यात शांतिदूत कौन है ? 2m

आ) मंडेला को 1993 में कौन सा पुरस्कार मिला ? **[ ]** 1M

A) नोबेल पुरस्कार B) भारत रत्न C) गाँधी पुरस्कार D) राष्ट्र पिता

इ) गाँधी शांति पुरस्कार मंडेला को किस साल में दिया गया ? **[ ]** 1M

A) 1993 B) 2008 C) 1886 D)1947

ई) दक्षिण अफ्रीका के शांतिदूत कौन थे ? **[ ]** 1M

A) मंडेला B) गाँधीजी C) नेताजी D) बापूजी

**4) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए | 5M**

श्री ताल्लपका अन्नमाचार्य एक तेलुगु संत कवि और कर्नाटक संगीत रचयिता थे | वे दक्षिण भारत के प्रसिद्द संकीर्तनाचार्य थे | उनका जन्म 9 मई 1408 को हुआ था | उन्होंने भगवान् श्री वेंकटेश्वर की स्तुति में अनेक कीर्तन लिखे थे | तेलुगु भाषी उन्हें पद -कविता पितामह कहते हैं | उन्होंने "संकीर्तन लक्षणमु "नामक संगीत ग्रंथ लिखा था |

**प्रश्न :**

अ ) पद कविता पितामह के नाम से कौन प्रसिद्द है? 2 M

आ ) संकीर्तन लक्षणमु किसकी रचना है ? **[ ]** 1M

A ) नन्नया B) रामदास C) मोल्ला D) अन्नमाचार्य

इ ) अन्नमाचार्य किसकी स्तुति में संकीर्तन लिखे थे **[ ]** 1M

A) राम B) अर्जुन C) श्री वेंकटेश्वर D) इंद्र

ई ) अन्नमाचार्य किस भाषा के संत कवि है ? **[ ]** 1M

A) तेलुगु B) तमिल C) कन्नड़ D) मलयालम

**5) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

सूरज की किरणें आती हैं ,

सारी कलियाँ खिल जाती हैं ,

अंधकार सब खो जाता है ,

सब जग सुंदर हो जाता है।

**प्रश्न :**

अ) किरणें किसकी हैं? 2M

आ) कलियाँ कैसी हैं? **[ ]** 1M

A) खिले B)मुरझे C)सोये D)गिरे

इ ) सूरज की किरणें आने पर अंधकार क्या हो जाता है? **[ ]** 1M

A) ढल जाता है B)खो जाता है C)भाग जाता है D) दूर हो जाता है

ई) सूरज की किरणें आने पर सब जग कैसे दिखता है? **[ ]** 1M

A) कुरूप B)काला C) सफेद D) सुंदर

**6) निम्न लिखित लेखक परिचय पढकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5M**

विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् 1912 में हुआ। वे आदर्श प्रिय व्यक्ति थे। इन्हें प्रेमचन्द परंपरा का आदर्शोन्मुख यदार्थवादी लेखक कहा जाता है। 'आवारामसीहा' नामक रचना पर इन्हें सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार ने इन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया है।

**प्रश्न :**

अ) विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् - - -- - - - - में हुआ।

आ) - - -- - - - - 'आदर्शोन्मुख यदार्थवादी लेखक है।

इ) विष्णु प्रभाकर की रचना - -- - - - - - है।

ई) भारत सरकार ने विष्णु प्रभाकर को - - - - - - - -- - से सम्मानित किया।

उ ) विष्णु प्रभाकर - - -- - - - -- - - - परंपरा के लेखक थे |

**7 ) संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। 5**M

अ) बिहारी :

i) रीति काल के कवि |

ii) पिता केशवराय |

iii) गुरु नरहरिदास |

iv) रचना - सतसई (सप्तशती)

v) गागर में सागर भरना

**( या )**

आ) आर. पी. निशंक

i) रमेश पोखरियाल निशंक

ii) देशभक्ति

iii) आधुनिक साहित्यकार

iv) मातृ भूमि के लिए

v) समर्पण ,नवांकुर,मुझे विधाता बनना है

## भाग - II

**II. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए। 4 x 4 = 16 M**

8) अ) रहिमन पानी - - - - - मानुष चून।। ( दोहे की पूर्ति कीजिए।)

**( या )**

आ ) कवि मेहनत करने वालों को सदा आगे रखने की बात क्यों कर हैं ?

9 ) अ) आल्हा लोकगीत के बारे में आप क्या जानते है ?

**( या )**

आ ) भारतीय संविधान में हिंदी का क्या स्थान है ?

10) अ) महारानी लक्ष्मी बाई को किस बात की चिंता थीं? वह स्वराज्य कैसे सिद्ध करना चाहती थी?

**( या )**

आ ) जल स्त्रोतों के रख -रखाव के बारे में आपके सुझाव प्रस्तुत कीजिए |

11) अ) अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइए |

**( या )**

आ) राजा कुमारवर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई होगी ?

## भाग - III

**III. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**12 . किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। 1x8 =8 M**

अ) बरसते बादल कविता में पंत जी के द्वारा प्रकृति का वर्णन किस प्रकार किया गया है अपने शब्दों में लिखिए |

**( या )**

आ) मीरा की भक्ति भावना कैसी थी? अपने शब्दों में लिखिए।

**13. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। 1x8 =8 M**

अ) ईदगाह कहानी के द्वारा हामिद के स्वभाव के बारे अपने विचार प्रस्तुत कीजिए |

**( या )**

आ) ए.पी.जे.अब्दुल कलाम के विचार में आदर्श नागरिक के लक्षण स्पष्ट कीजिए।

## भाग - IV

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**14. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1x8 = 8M**

अ) महालक्ष्मी विजयवाड़ा में रहती है | वह अपनी माँ को देखने हैदराबाद जाना चाहती है | तथ्य को आधार बनाकर प्रधानध्यापक के नाम पत्र लिखिए |

**( या )**

आ) किसी ऐतिहासिक स्थान का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखिए।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए।                1 x 10 = 10M**

अ) स्वच्छता - हरियाली

आ) राष्ट्रीय त्यौहार - पंद्रह अगस्त

इ) आदर्श विद्यार्थी

ई) दूरदर्शन

## भाग - V (भाषा की बात)

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।                15 x 1 = 15M**

16. वर्षा ऋतु में मोर नाचता है। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| मोरे | मयूर | मोरी |

17. भगवान् श्रीकृष्ण ने मीरा को भक्ति रूपी अमूल्य संपत्ति दी। (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| श्रीकृष्ण | मीरा | दी |

18. अठारह सौ छियासी - (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

| | | |
|---|---|---|
| 1887 | 1868 | 1886 |

19. लोकगीतों _______ अपना महत्त्व है। (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

| | | |
|---|---|---|
| का | से | में |

20. हिंदी भाषा सीखने से नये-नये रोजगार मिलते हैं | (रेखांकित शब्द का सही पर्याय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए |)

| | | |
|---|---|---|
| जीविका | बेरोजगार | कार्य |

21. एक मनुष्य भाग्यवाद के छल से भोगता है | (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए| )

| | | |
|---|---|---|
| कपट | बुराई | निष्कपट |

22. भारतवासी दुनिया को पावनधाम बनाएंगे। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद समास | द्विगु समास | तत्पुरुष समास |

23. अब्दुल कलाम एक निर्धन बालक है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

| | | |
|---|---|---|
| निर + धन | निः + धन | नीर +धन |

24. काका कालेलकर गोदावरी नदी की सुपरंपरा के बारे में वर्णन किया। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

| | | |
|---|---|---|
| सुप | सु | परा |

25. हिंदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोभित है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

| | | |
|---|---|---|
| ईय | इया | अंतर |

26. महारानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया| (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा शब्द पहचानिए)|

| | | |
|---|---|---|
| महारानी | लक्ष्मबाई | मौत के घाट उतारना |

27. सेना नायक आ रहा है। (वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सेना नायका आ रही है। | सेना नायिका आ रही है। | सेना नायको आ रही है । |

28. टेसी थॉमस को एक पुरस्कार मिला | (वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| टेसी थॉमस को अनेक पुरस्कार मिले | | टेसी थॉमस को कुछ पुरस्कार मिले | | टेसी थॉमस को एक पुरस्कार मिले | |

29. अंतरिक्ष यात्री यान की सहायता से भूमि पर उतरे। (वाक्य का भविष्यत काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| अंतरिक्ष यात्री यान की सहायता से भूमि पर उतरे थे| | अंतरिक्ष यात्री यान की सहायता से भूमि पर उतर रहे हैं | | अंतरिक्ष यात्री यान की सहायता से भूमि पर उतरेंगे | |

30. वह ने यह काम किया । (वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

| | | |
|---|---|---|
| वह काम किया | | वह ने काम किया । | उसने यह काम किया | |

## पाठ्यांशवार भार तालिका

| | पाठ का नाम | निबंधात्मक प्रश्न | | | लघु उत्तरात्मक प्रश्न | अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न | | लक्ष्यात्मक प्रश्न | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सारांश | पत्र | निबंध | प्रश्न 4M | अनुच्छेद | कवि / लेखक | भाषा की बात | |
| पद्य | बरसते बादल | 1 (8) | | | | | | 1 (1) | 9 |
| | हम भारतवासी | | | | | 1 (5) | 1 (5) | 1 (1) | 11 |
| | कण-कण का अधिकारी | | | | 1 (4) | | | 1 (1) | 5 |
| | भक्ति पद | 1 (8) | | | | | | 1 (1) | 9 |
| | नीति दोहे | | | | 1 (4) | | 1 (5) | | 9 |
| गद्य | ईदगाह | 1 (8) | | | | | | | 8 |
| | लोकगीत | | | | 1 (4) | | | 1 (1) | 5 |
| | अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी | | | | 1 (4) | | | 2 (1) | 6 |
| | स्वराज्य की नींव | | | | 1 (4) | | 1 (5) | 2 (1) | 11 |
| | दक्षिणी गंगा गोदावरी | | | | | 1 (5) | | 2 (1) | 7 |
| | जल ही जीवन है | | | | 1 (4) | | | 1 (1) | 5 |
| | धरती के सवाल - अंतरिक्ष के जवाब | 1 (8) | | | | | | 2 (1) | 10 |
| उप वाच क | शांति की राह में | | | | | 1 (5) | | | 5 |
| | दो कलाकार | | | | 1 (4) | | | | 4 |
| | अपने स्कूल को एक उपहार | | | | | | | | 0 |
| | अनोखा उपाय | | | | 1 (4) | | | | 4 |
| अन्य | पत्र | | 2 (8) | | | | | | |
| | निबंध | | | 4 (10) | | | | | |
| | | | | | | 2 (5) | | 1 (1) | |
| कुल | | 2 (8) | 1 (8) | 1 (10) | 4 (4) | 5 (5) | 2 (5) | 15 (1) | 30 (100) |